सार-समाचार

विज्ञान मेले में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोहर प्रथम

नोहर, (निसं)। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेले में नोहर के श्री हजारीमल जोरमल पेड़ीवाल पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सोलह में से तेरह स्थानों पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाई। द्वितीय व तृतीय स्थान पर भी तीन विद्यार्थी रहे। रावतसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस विज्ञान मेले में जिले भर के निजी और सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें अलग-अलग विषय क्षेत्रों के लिए मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। प्रभारी शिक्षक सतीश जिंदल के नेतृत्व में पीएम श्री विद्यालय नोहर के 16 विद्यार्थियों ने इस मेले में भाग लिया था। ग्रीन एनर्जी में सीनियर वर्ग में आशीष ,जूनियर वर्ग में अविजोत और राहुल, गणित मनोरंजन में सीनियर वर्ग में कोमल ,जूनियर वर्ग में अवनी, स्वास्थ्य व्यवस्था में सीनियर वर्ग में केशव व राजेंद्र, जूनियर वर्ग में प्रिंस और अर्जुन, दिव्यांगों के लिए उपयोगी में सीनियर वर्ग में दुष्यंत, जूनियर वर्ग में कार्तिक और प्रवीण, उभरती प्रौद्योगिकी में सीनियर वर्ग में ललित, कचरा प्रबंधन सीनियर वर्ग में प्रीतम, जूनियर वर्ग में दुर्गा अविनाश, जल प्रबंधन सीनियर वर्ग में भावना, सतत कृषि में जूनियर वर्ग में चिरायु अंकित और आर्यन प्रथम स्थान पर रहे। सतत कृषि सीनियर वर्ग में सौरभ ,जल प्रबंधन में विनीता द्वितीय स्थान पर रहे और उभरती प्रौद्योगिकी जूनियर वर्ग में छगनलाल तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य महेन्द्र मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए बधाई दी तथा राज्य स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु कामना की। उल्लेखनीय है कि पिछले कई व वर्षों से लगातार जिला स्तर पर इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विज्ञान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय स्तर पर भी भव्य विज्ञान मेला आयोजित किया गया था जिसमे सो से अधिक प्रादर्श प्रदर्शित किए गए थे।

भौतिक सत्यापन दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न

रतनगढ़ (निसं)। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रतनगढ के निर्देशन में गुरुवार को राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गैर सरकारी विद्यालयों की एंट्री कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर दुर्बल वर्ग एवं असुविधा ग्रस्त समूह के बालक बालिकाओं को आवंटित विद्यालयों के रतनगढ़ ब्लॉक के भौतिक सत्यापन दलों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। सीबीईओ संदीप व्यास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सांखोलिया एवं संस्था प्रधान विक्रम सिंह चौहान मंचस्थ थे। ब्लॉक प्रशिक्षण एवं मॉनिटरिंग प्रभारी नगेंद्र कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण देते हुए सभी संभागियों को विभागीय निर्देशों की पूर्णत: पालना करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उक्त सत्यापन 05 नवंबर 2025 तक पूर्ण कर प्रतिवेदन विभाग को ऑनलाइन प्रस्तुत करना है तथा इसकी हार्ड कॉपी सीबीईओ कार्यालय में जमा करवानी है। इस मौके पर सीबीआईओ संदीप व्यास ने बताया कि ब्लॉक के सभी सरकारी विद्यालयों को ज्ञान संकल्प पोर्टल पर अधिकाधिक राशि जमा कराने, विद्यार्थी दैनिक उपस्थिति ऑनलाइन करने, प्रखर राजस्थान 2.0 की गतिविधि का प्रभावी क्रियान्विति करने तथा विद्यालय स्तर पर ईएलसी के अनिवार्यत: गठन करने के निर्देश दिए। संस्था प्रधान विक्रम सिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

नोहर, (निसं)। निकटवर्ती रामगढ़ गांव की यो समस्याओं जलदाय विभाग की डिग्गियों को फिल्टर सिस्टम में जोड़ने व रामगढ़ में स्थाई पटवारी लगाने के लिए उपखंड अधिकारी नोहर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि रामगढ़ गांव की जलदाय विभाग की डिग्गियों को फिल्टर सिस्टम पिछले यो वर्षों से तैयार है लेकिन डिग्गियों से अभी तक नही जोडा गया जिसको लेकर बार-बार अवगत कराने के सावजूद भी अभी तक कोई सुध नहीं ली। रामगढ़ में जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल में अवगत भी कराया गया था। तब कलेक्टर के निर्देश पर 15 दिन में फिल्टर को डिग्गियों से जोड़ने का आश्वासन दिया था। लेकिन 6 महीने गुजरने के बाद भी अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है। जिसकी वजह से गांव वालों को गंदा व काला पानी पीने के लिए मजबूर होना पड रहा है। दूसरी हमारी मांग पिछले 3 माह से स्थाई पटवारी की पोस्टिंग खाली पडी है जिसकी वजह से खरीक फसल की गिरदावरी भी नहीं हुई है न हीं क्रॉप कॉटिंग जिसके कारण किसानों को परेशानी ही रही है। ज्ञापन देने वालों में हनुमान प्रसाथ शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकराज संगठन, आम प्रकाश साहू पूर्व सरपंच, मनीराम लंकेशर, कृष्ण कुमार नोखवाल, धर्मचंद सोनी मौजूद रहे।

एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण आयोजित

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत साण्डवा के जसवीर मेमोरियल में द्वितीय राज बटालियन एनसीसी के दूसरे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को फायरिंग रेज पर लक्ष्य पर निशाना लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कैडेट्स को हथियार को लोड कर चलाने के गुर सिखाए गए। कैम्प कमाण्डेन्ट ले. कर्नल प्रदीप दईया ने कहा कि कैडेट्स फायरिंग रेंज पर एकाग्रता से हथियार चलाने को प्रशिक्षण एकाग्रता से लें। उन्होंने कहा कि जीवन मे एकाग्रता का बहुत महत्त्व है। एकाग्रचित्त आदमी किसी भी लक्ष्य को आसान बना सकता है। कैडेट्स को इस प्रशिक्षण में हथियार से टारगेट पर सटीक निशाना लगाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमाण्डेन्ट राजेश कुमार, सुबेदार मेजर प्रेम तमांग, सुबेदार रमेश लांबा, सुबेदार मोन्टू, नायब सुबेदार रामादर सिंह, बीएचएम ओमप्रकाश ढाका, हवलदार सतपाल, संदीप नैन, कैलाश, ओमप्रकाश, रमेश, जयपाल, हवलदार जाहिद हुसैन, प्रशासनिक अधिकारी शांतीलाल रक्षक, सतवीर धनखड़ व दीपक धनखड़ आदि मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने रावतसर में कृषि उपज मंडी व सेवा शिविरों का निरीक्षण किया

हनुमानगढ़, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने गुरुवार को कृषि उपज मंडी रावतसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर का जायजा लिया और मंडी में आए किसानों से संवाद कर उनकी समस्याए सुनीं। कलेक्टर ने मंडी में खरीद प्रक्रिया का अवलोकन किया और संबंधित एजेंसियों को पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रावतसर एसडीएम संजय कुमार, मंडी सचिव सुरेंद्र खोथ, फूड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन

■ किसानों-व्यापारियों से फीडबैक लिया

अध्यक्ष मुकेश न्यौल सहित व्यापारीगण भी उपस्थित रहे। व्यापारियों ने कलेक्टर को मंडी में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

जिला कलेक्टर डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य और समय पर भुगतान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिया कि तौल और भुगतान की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने 17 अक्टूबर से शुरू हुए ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का भी औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने रामपुरा मटोरिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर और रावतसर वार्ड 25 के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित शहरी सेवा शिविर का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और प्रत्येक विभागीय योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित आमजन से भी संवाद किया और सेवा शिविरों से मिलने वाले लाभ के संबंध में उनका फीडबैक लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जाए।

विज्ञान मेले में अफरीन द्वितीय रही

रतनगढ़ (निसं)। संचिया लाल बेद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ की छात्राअफरीन खान कक्षा ग्यारहवीं ने जिला स्तरीय विज्ञान मेला में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भीवसरिया सुजानगढ़ में आयोजित हुई। छात्रा ने सीनियर वर्ग में मॉडल प्रतियोगिता में प्रदूषण निवारण से संबंधित मॉडल तैयार किया तथा अंग्रेजी भाषा में मॉडल से संबंधित अभिव्यक्ति दी। छात्रा ने नगद राशि एवं ट्रॉफी प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रा को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद शर्मा, प्रतियोगिता स्थल पर छात्रा के साथ प्रेरक के रूप में मौजूद रहे। विद्यालय लौटने पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने छात्रा का अभिनंदन किया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का शुभारंभ

हनुमानगढ़, (निसं)। राजकीय मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को मनोचिकित्सा विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय के सहयोग से विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष का विषय था- मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच -आपातकालीन परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य।

कार्यक्रम का आरंभ डॉ. ओ.पी. सोलंकी के प्रेरणादायक व्याख्यान से हुआ, जिसका विषय था मानसिक स्वास्थ्य एवं डिजिटल डिटॉक्स। उन्होंने बढ़ते स्क्रीन समय, सोशल मीडिया पर निर्भरता और उसके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों को विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे डिजिटल उपकरणों के प्रयोग को सीमित करें, वास्तविक जीवन में जुड़ाव बढ़ाएं और मानसिक संतुलन बनाए रखें। व्याख्यान के अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रतिदिन कम से कम दो घंटे डिजिटल डिटॉक्स करने का संकल्प लिया। छात्रों ने इस समय का उपयोग आत्म-देखभाल, परिवार के साथ समय बिताने और रचनात्मक गतिविधियों में लगाने का वचन दिया। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वीडियो निर्माण प्रतियोगिता में गुंजन की टीम प्रथम व रजनीश की टीम द्वितीय रही। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में कुमकुम व मुकेश की टीम संयुक्त रूप से प्रथम रही, जबकि अंजलि और मनोहर की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

स्लोगन एवं लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में तथागत और यास्मीन की टीम ने प्रथम तथा आसमा और मनोहर की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन लव यू जिंदगी - सेलिब्रेटिंग लाइफ विषय पर आयोजित अंताक्षरी प्रतियोगिता से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। डॉ. सुमन जैन ने सभी गतिविधियों के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ. अतुला, डॉ. अनुश्री, डॉ. निकिता, डॉ. पूजा, डॉ. सुनील, डॉ. मोहित, डॉ. हर्षिता, डॉ. सूरज, नवल किशोर और मीनाक्षी उपस्थित रहे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। अंत में सीएमएचओ कार्यालय के प्रतिनिधियों व शिक्षकों ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना की।

करवाचौथ उत्सव पारंपरिक तरीके से मनाया

सीकर, (निसं)। करवाचौथ की पूर्व संध्या पर लियो क्लब सीकर की ओर से होटल राजमहल, बजरंग कांटा, सीकर में करवाचौथ सेलिब्रेशन का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया।

इस अवसर पर सभी सदस्याओं व परिवार की महिलाओं ने मिलकर त्योहार को उल्लासपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में आकर्षक डांस परफॉर्मेंस, मनोरंजक गेम्स और बेस्ट ड्रेस्ड लेडी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिलाओं ने खूबसूरत पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढाई।

सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और आनंदपूर्वक करवाचौथ का पर्व मनाया।सजावट एवं डेकोरेशन का कार्य श्यामपुरा बालाजी इवेंट के दीपांशु मित्तल द्वारा किया गया, जिसने समारोह को भव्य रूप प्रदान किया।

कार्यक्रम में महिलाओं को दीपक मोबाइल द्वारा आकर्षक गिफ्ट प्रदान किए गए, जिनसे सभी में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल बना रहा।इस दौरान क्लब अध्यक्ष लियो रितिका गोयल, क्लब डायरेक्टर लियो मेघा अग्रवाल, लियो रजनी अग्रवाल, लियो प्रियंका अग्रवाल मौजूद रहे। सभी ने पारंपरिक संगीत, नृत्य और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

लियो क्लब सीकर की इस पहल ने करवाचौथ के इस पारंपरिक त्योहार को नई ऊर्जा और आधुनिक रंग-रूप के साथ यादगार बना दिया।

भागवत कथा सुनाई

चूरू (निसं)। स्थानीय दादाबाड़ी में भजनलाल व लक्ष्मीनारायण पीपलवा के सौजन्य से चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा के दूसरे दिन गुरूवार को कथा वाचक हरिशरण महाराज ने कथा का रसपान करवाया। ध्रुव चरित्र का वर्णन किया गया। हरिशरण महाराज ने कहा कि भक्ति और तपस्या से भगवान प्रसन्न होते हैं, उन्होंने कहा कि ध्रुव ने अपने पिता के राजमहल में अपने भाई के उपेक्षापूर्ण व्यवहार से दुखी होकर कठोर तपस्या की और भगवान विष्णु को प्रसन्न करके स्थान प्राप्त किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित भंवरलाल शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

सरदारशहर (निसं)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सात बार विधायक रहे एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित भंवरलाल शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर तारानगर रोड स्थित उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक पं. अनिल शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पं. केशरीचंद शर्मा सहित सैकड़ों समर्थकों ने पुष्प अर्पित कर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा से पूर्व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम के बटुकों ने वेद मंत्रों का उच्चारण किया। गांव-देहात से भी बडी संख्या में समर्थक पहुंचे और पं. शर्मा की समाधि पर पुष्प

■ विधायक अनिल शर्मा सहित उनके समर्थकों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में कहा कि पंडित भंवरलाल शर्मा गरीब को भगवान मानकर सेवा करते थे, उनके दोनों पुत्र भी उनके पद चिन्हों पर चलकर उनका अनुसरण कर रहे हैं ,पं.भंवरलाल शर्मा ने अपने जीवनकाल में 36 कौमों को साथ लेकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल पुजारी, कोलकाता प्रवासी बाबूलाल बोथरा, पूर्व प्रधान मनोहरी देवी शर्मा, रामकुमार मेघवाल, नन्दलाल गुंसाई, पवन शर्मा, ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पुनमचन्द पारीक, कांग्रेस नेता महावीर माली, उपसभापति अब्दुल रसीद चायल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह राजवी, देहात अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक, बशीर खोखर, कमल पुजारी, शोभाकान्त स्वामी, शंकरलाल प्रेमानी, पंचायत समिति सदस्य सरोज कंवर नेता प्रतिपक्ष राजेश पारीक, रामलाल मिश्र, पार्षद मदनसिंह निर्वाण, पृथ्वी सिंह बिदावत, बंशीधर बोहरा, भंवर गहलोत, कल्याणसिंह शेखावत, हनीफ खान, मांगीलाल जोशी, फुसराज करनाणी, पन्नालाल डागा, भंवरलाल धूत, समशुदीन खोखर, इंदिरा शर्मा, युवा नेता निखिल शर्मा, प्रहलाद पांडिया, रामलाल सारण, उत्तम पारीक,

शहरी सेवा शिविर के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 आवेदन प्राप्त हुए

राजलदेसर (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 के 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2025 के अन्तर्गत वार्ड वाईज चल रहे अभियान के तहत् गुरूवार को पालिका क्षेत्र संतोषी माता मंन्दिर प्रजापति धर्मशाला में वार्ड नं. 31,32 के लिए पालिका के श्री कुन्दन देथा अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में शहरी सेवा शिविर 2025 कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में वार्ड वासियों की समस्याओं का हल किया गया।

कृषि भूमि 01 आवेदन, जन्म के 10, प्रधानमंत्री आवास योजना के 7 आवेदनो का निस्तारण,, पेंशन योजना के 03, जन आधार 4 आवेदन, आधार सीडिंग के 10 आवेदन, स्ट्रीट लाईट 5, साफ-सफाई के 1 आवेदनों का निस्तारण किया गया।

इस शिविर में राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर के डॉक्टर मोहर सिंह लाम्बा व अमित के द्वारा 04 मरीजों के स्वास्थ्य को चैक किया गया, बिजली विभाग द्वारा पी.एम.सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के 30 आवेदन लिये गये, पी.एम. स्व निधि के 04, आंगन बाडी स्वास्थ्यकर्ता द्वारा 8 आवेदनो

■ पार्षद पारीक ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

को निस्तारण किया गया। इस दौरान पालिका के श्री भरत गौड कनिष्ठ अभियन्ता, फायरमैन हुकुम सिंह, फायरमैन अर्जुन सिंह एसबीएम के दिलीप सोलंकी एमआइएस इंजिनियर, श्री चन्दन बारी, महेन्द्र कुमार भार्गव, प्रेमरतन, लोकेश शर्मा, निर्मल, जसवन्त कुमार, राजकुमार, मनोज कुमार, व गोविन्द कर्मचारी इस कैम्प में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पार्षद कपिल पारीक ने वार्ड में सडक निर्माण, नाली निर्माण, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था आदि को लेकर ज्ञापन दिया जिस पर अधिशासी अधिकारी ने कहा अति शीघ्र आपकी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा इसी प्रकार राजलदेसर कस्बे के वार्ड नंबर 23 में आंगनवाड़ी भवन की खस्ता हालत को देखते हुए नया भवन बनाने को लेकर विभाग की कंचन शर्मा,कमला प्रजापत ने अधिशासी अधिकारी को नया भवन बनाने को लेकर ज्ञापन दिया।

सार-समाचार

ग्रामीण सेवा शिविर आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जिले के उपखण्ड क्षेत्रों की विभिन्न 12 ग्राम पंचायतों में 10 अक्टूबर को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे, जिसमें 16 विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। जिला कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीण सेवा शिविर को गंभीरतापूर्वक लेकर अधिकतम समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जाये। धोद उपखण्ड की शाहपुरा, बिडोली, भीराणा, सामी, खण्डेला उपखण्ड की बावडी, कांसरडा, फतेहपुर उपखण्ड की कारंगा बड़ा, बीबीपुर छोटा, नीमकाथाना की मण्ढोली, मांकडी, लक्ष्मणगढ़ उपखण्ड की चूड़ीमियां, बीदसर में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किये जायेंगे।

शिविर का निरीक्षण किया

बीदासर (निसं)। ग्राम पंचायत घंटियाल बड़ी व सारंगसर में गुरूवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुआ। जिसमें सुजानगढ के अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष कुमार मीणा ने शिविरों का निरीक्षण किया और सभी विभागीय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। घंटियाल बडी में पंचायत राज विभाग ने पांच पट्टे वितरित किए। राजस्व विभाग द्वारा जमाबंदी में नौ शुद्धियां की गई, पशुपालन विभाग द्वारा 40 पशु मंगला बीमा योजनाओं की पालिसी, कृषि विभाग द्वारा 30 फसल बीमा पालिसी व 60 रबी मिनी कीट वितरित किए गए, विद्युत विभाग द्वारा तीन उपभोक्ताओं के मीटर बदले गए। शिविर में बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव, तहसीलदार अमर सिंह, विकास अधिकारी राजूराम सैनी, ग्राम विकास अधिकारी राज कुमार उपस्थित थे।

मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। नौरंगराम दयानंद ढूकिया शिक्षण संस्थान में करवा चौथ के शुभ अवसर छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्यौहारों के महत्व उजागर करना है। अवसर पर छात्राओं द्वारा हाथों पर आकर्षक और पारंपरिक डिजाइनों की मेहंदी रचाई गई। प्रतियोगिता में जीएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा विक्षिका प्रथम, बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा साहिन द्वितीय व पूनम, सलोनी, पूजा, ऋतु, पारूल व मोनिका तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार व मिठाई वितरित की गई।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./भू./2025/ दिनांक: 08/10/2025

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमित्रा पत्नि श्री कुलदीप जाति कुम्हार निवासी रावतसर जिला हनुमानगढ ने दानपत्र से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड 299.80 वर्गमीटर में से 78.71 वर्गमीटर(पश्चिमी हिस्सा) का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है। जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री बुधराम पुत्र श्री डुंगरराम जाति कुम्हार के नाम से साईज 299.80 वर्गमीटर का जारीशुदा है। श्री बुधराम ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 15.05.2025 द्वारा उक्त भूखण्ड में से 78.71 वर्गमीटर(पश्चिमी हिस्सा) श्रीमती सुमित्रा पत्नि श्री कुलदीप जाति कुम्हार को दान कर दिया जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

रजनीश चौधरी, अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, सीकर

क्रमांक- LU2012/SIK/2025-26/100686 दिनांक-09.10.2025

लोक सूचना

श्री SURESH KUMAR पुत्र श्री TANSUKH RAM जाति BALAI निवासी NAHLIYON KI DHANI, PATODA,TEHSIL-LAXMANGARH, SIKAR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिन्यास अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. स.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1	चंदनपुरा सीकर सीकर ग्रामीण (सीकर)	SURESH KUMAR S/O TANSUKH RAM	2066 /126	2862	0.2862
				कुल	0.2862

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिन्यास अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिन्यास अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 09.10.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, सीकर

नये एचटी-उद्योग छूट और वृद्धीशील उपभोग छूट

नये उद्योग छूट	मौजूदा (रु./यूनिट)	प्रस्तावित (रु./यूनिट)
एमआईपी एचटी	0.55 (रू./यूनिट)	0.20 (रू./यूनिट)
वृहद	0.85 (रू./यूनिट)	0.30 (रू./यूनिट)
वृद्धीशील उपभोग छूट	मौजूदा (रु./यूनिट)	प्रस्तावित (रु./यूनिट)
एमआईपी एचटी	0.55 (रू./यूनिट)	0.20 (रू./यूनिट)
वृहद	0.85 (रू./यूनिट)	0.30 (रू./यूनिट)

एचटी सीपीपी (Co-Located) उपभोक्ताओं पर लगाए जाने वाले पीओसी शुल्क निम्नानुसार हैं:-

सीपीपी प्रकार	पीओसी शुल्क (रू./केवीए/माह)
परम्परागत सीपीपी	रु. 27.237/केवीए/माह सीपीपी की स्थापित क्षमता का
अक्षय ऊर्जा सीपीपी	रु. 11.90/केवीए/माह सीपीपी की स्थापित क्षमता का
हाइब्रिड सयंत्र	उपर्युक्त दोनों परम्परागत और अक्षय ऊर्जा के अनुपात में

1. नेट मीटरिंग और ग्रॉस मीटरिंग के अंतर्गत रूफटॉप सौर संयंत्रों को समानांतर संचालन शुल्क (पीओसी) से बाहर रखा जाएगा।
2. समानांतर संचालन शुल्क केवल ऑन-साइट/**co-located** लोड द्वारा खपत की गई बिजली तक ही सीमित होगा, ऑफसाइट सीपीपी पर नहीं और यह जनरेटर की शुद्ध क्षमता (**total capacity- open access capacity**) पर लागू होगा।
3. **Co-located** संयंत्रों पर, चाहे उनकी कैप्टिव स्थिति कुछ भी हो, पीओसी शुल्क **Co-located** भार के लिए उपयोग की गई क्षमता तक लागू होंगे। डिस्कॉम द्वारा सीपीपी के साथ किए गए विद्युत क्रय समझौतों (पीपीए) पर कोई पीओसी शुल्क लागू नहीं होगा।

विनियामक अधिभार, ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) सहित निम्नानुसार अनुमोदित किया गया है।

विवरण	(रू./यूनिट)
100 यूनिट/माह तक खपत वाले घरेलू उपभोक्ता	0.70
बचे हुए घरेलू और अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पे लागू होगा।	1.00

- उपरोक्त नियामक अधिभार मय ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) आरईआरसी टैरिफ विनियम 2025 के विनियम 87 के अनुसार लगाया जाएगा।
- माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में डिस्कॉम द्वारा **change in law** के कारण उत्पन्न अतिरिक्त लागत की वसूली के लिए आयोग द्वारा दिनांक 01.09.2022 के अपने आदेश के माध्यम से अनुमत 0.07 रुपये/यूनिट के विशेष एफएसए पर अलग से लिया जाएगा।

नोट :- वर्तमान में वह सभी प्रावधान जो कि इस आदेश में संशोधित नही किये गये है, लागू रहेंगे।

जेपीआर 3065(2025)
राज.संवाद/सी/25/11809

अधीक्षण अभियंता (रेगूलेशन)
जयपुर/अजमेर/जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

BIKAJI
रिश्तों का त्यौहार, बीकाजी का उपहार
Gol-M-Gol
Gulab Jamun
Anjeer
Dry Fruit
Gol-Matol
Rasgulla
Kaju
Katli
Manbhavan
Soanpapdi
Mango
Chocolate
Area Sales Manager: Vipin Awasthi, M: 9414209211, Gaurav Parmar, M: 9928368236, Anoop Singh Choudhary, M: 9810697713, Zonal Sales Manager: Pankaj Mittal, M: 9838572233
Sales Officer: Mukund Sharma, M: 9024708425, Vishal Singh Panwar, M: 9414954268, Jitendra Singh Tanwar, M: 9664048773, Uday Singh, M: 8955706472, Mukesh Pareek, M: 9414407768
Authorised Distributors: Shri Shyam Agency (Sujangarh) M: 9414402551 • Pawan Traders (Salasar) M: 9414394984 • Budhmal Mahendra Kumar (Sadulpur) M: 9462341552 • Tambi Traders (Rajgarh) M: 9414408014 • Krishna Traders (Sahwa) M: 9828935316 • Shree Ji Agency (Ratangarh) M: 9414086161 • Lomarod Brothers (Sandwa) M: 9602410803 • Hari Om Agencies (Ratangarh) M: 9784468497 • Gouri Shankar Vishnu Kumar (Beri, Churu) M: 9680248107 • Shree Thakurji Agencies (Jhunjhunu) M: 9887330566 • Goyal General Agencies (Pilani) M: 9352995001 • Mansinghka Trading Co. (Nawalgarh) M: 9414585931 • Sonu Agencies (Chirawa) M: 9549986767 • Sanjaykumar Mukeshkumar (Chirawa) M: 9887381010 • New Jodhpur Sweet Home (Mandawa) M: 9983180082 • Dinesh Kumar Rajesh Kumar (Gudha Gorji) M: 9001491345